कार्यक्रम | जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा सम्मान कार्यक्रम और व्याख्यान माला नारी तू नारायणी का आयोजन

# नारी एक शक्ति, जो निभाती है हर किरदार : न्यायमूर्ति सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा विधि क्षेत्र में दिये गये योगदान एवं अधिवक्ता मातृ शक्ति का सम्मान कार्यक्रम और व्याख्यान माला नारी तू नारायणी का आयोजन न्यायमूर्ति एन. कोटिश्रवर सिंह, उच्चतम न्यायालय के मुख्य अतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री सिंह ने कहा कि नारी एक शक्ति है, जो हर किरदार को बखूबी निभाती है। इस मौके पर न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, एडमिनिस्ट्रेटिव जज, मप्र उच्च न्यायालय की अध्यक्षता, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल एवं कृष्णमूर्ति मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर के विशिष्ट अतिथि, राधेलाल गुप्ता म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद् जबलपुर, मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर, डी. के. जैन अध्यक्ष म.प्र. उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर, निखिल तिवारी, सचिव हाईकोर्ट



एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के अतिथ्य में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस कल्चर एण्ड एन्फारमेंशन कन्वेंसन सेंटर गीता भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम अतिथिगणों को जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के नृतेत्व में समस्त कार्यकारणी द्वारा मंचासीन कराया गया जिसके बाद अधिवक्ता सावेरी सत्यार्थी द्वारा वंदे मातरम् एवं राष्ट्रीय गान का वाचन किया गया। जिसके बाद अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन किया गया।

### दिए गए मोमेंटो

जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर की सम्पूर्ण कार्यकारणी द्वारा उपस्थित अतिथिगणों को मुमेन्टो भेट किये गये है एवं अधिवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता को आयोजित कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुमेन्टों भेट किया गया एवं मीमांश दुबे को मध्यप्रदेश सिविल जज 2022 की परीक्षा में चयनित होकर सबसे युवा सिविल जज के रूप में प्रथम प्रयास में ही जबलपुर शहर को गौरविन्त किये जाने पर उपस्थित अतिथिगणों द्वारा आर्शीवाद स्वरूप शॉल श्रीफल भेट किया गया।

### किया गया सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एन. कोटिश्रवर सिंह का स्वागत जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति विवेक रूसिया का स्वागत म.प्र.उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डी. के. जैन व सचिव पारितोष त्रिवेदी द्वारा किया गया, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल का स्वागत हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव निखिल तिवारी द्वारा किया गया और विशिष्ट अतिथि कृष्ण मूर्ति मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर का स्वागत जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर उपाध्यक्ष मनोज तिवारी एवं सह-सचिव मनोज शिवहरे द्वारा किया गया।

### इनका कहना है



महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। महिलाएं घरों के साथ साथ कार्यस्थल को भी सँभालती है। ये प्रतिभा सिर्फ़ महिलाओं में ही है।

**अधि. ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी सचिव, ज़िला अधिवक्ता संघ**



सिर्फ़ 8 मार्च ही नहीं बल्कि हर दिन महिलाओं से ही है। आज हर फील्ड में महिलाएं अपना योगदान दे रही है।

**गरिमा तिवारी, सदस्य, मप्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ**



# रमजान मुबारक की पाक रात शब ए कद्र आज

▶ शहर की 100 से ज्यादा मस्जिदों में होगी हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी



**नवभारत,जबलपुर।** रमजान मुबारक की पाक रात शबे कद्र के अवसर पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की 100 से ज्यादा मस्जिदों और नमाजगाहों में रात्रिकालीन तरावीह की विशेष नमाज में कुरान शरीफ का पाठ किया पूर्ण जाएगा। इसके पश्चात हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी कर उनका स्वागत किया जाएगा।

मस्जिद कमेटियों और नमाजियों द्वारा हाफिजों को नजराने और तोहफे भी भेंट किए जाएंगे। इस अवसर पर मस्जिदों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। मुस्लिम धर्मालबियों के अनुसार यह रात हजारों रातों से अधिक फज़ीलत वाली है और इस रात इबादत और गुनाहों की तौबा करना बहुत अफजल माना जाता है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में मदनी मिल्लत सेवा समिति के तत्वावधान में मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती व हज़रत मुफ्ती नईम अख्तर मिस्बाही, हज़रत मुफ्ती अब्दुर्राशिद मिस्बाही , बाबा सूफ़ी मेराज अहमद जमाली, समाज सेवी मतीन अंसारी की निगरानी में रात्रि 10 बजे जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज अदा कराने वाले हाफिज साहिबान को दस्तार पहनाकर सम्मानित किया जाएगा और तोहफे पेश किये जाएंगे । समिति के संरक्षक समाजसेवी मतीन अंसारी,अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, कुतुबुद्दीन अंसारी, शोएब , गुड्डू बाबा, अफरोज अंसारी, आबिद परवेश आलम, कयामुद्दीन, अनीश, शहजादा, सादिक, कलीम अब्बासी, शादाब ने हाफिज साहिबान और अकीदतमंदों से कार्यक्रम में शिरकत की गुजारिश की है। इसके अलावा शहर के अन्य स्थानों पर भी विभिन्न कमेटियों द्वारा हाफिज साहिबान की दस्तारबंदी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पच्चीसवें रोजे पर अफ्तार ए आम

हैदर ए लंगर कमेटी द्वारा मुजावर मोहल्ला में पच्चीसवे रोज़े पर अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। इस मौके पर काफी तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी गई। कमेटी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

एक नजर में

## विश्व शांति और परिवारों के लिए की गई विशेष प्रार्थना

**नवभारत,जबलपुर।** सदर स्थित सेंट पीटर एंड पॉल महागिरिजाघर में



आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक साधना और प्रार्थना सभा का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम में भोपाल आर्च डायसिस के प्रवचनकर्ता फादर जोस प्रकाश और उनकी टीम ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। इस दौरान विश्व में चल रहे युद्धों की समाप्ति और परिवारों की सुख-शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई। जबलपुर डायसिस के विकार जनरल एवं पल्ली पुरोहित डॉ. फादर डेविस जॉर्ज तथा सह पल्ली पुरोहित जोनस मरकाम ने उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन रविवारीय मिस्सा बलिदान के साथ हुआ।



## सिलेंडर पुराण' और 'पलटवार' सहित कई व्यंग्यों का हुआ वाचन

**नवभारत,जबलपुर।** व्यंग्य साहित्य को समर्पित संस्था व्यंग्यम जबलपुर द्वारा होली मिलन के अवसर पर मासिक व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव ने 'पीर बावर्ची भिश्ती खर ', आचार्य विजय तिवारी 'किसलय' ने 'भोला मोहन ', यशोवर्धन पाठक ने 'मनोव्यथा ', सुरेश मिश्रा 'विचित्र' ने 'ऑनलाइन डकैती युग' , विनोद खंडालकर ने 'कान का कच्चा ', रमाकांत ताम्रकार ने 'सिलेंडर पुराण ', अभिमन्यु जैन ने 'पलटवार' तथा प्रो. कुंदन सिंह परिहार ने 'विदेश का गड़बड़झाला' जैसे व्यंग्यों का वाचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. कुंदन सिंह परिहार ने की, जबकि संचालन अभिमन्यु जैन ने किया। अंत में आचार्य विजय तिवारी 'किसलय' ने आभार व्यक्त किया।

## रोटरी राष्ट्रीय सेमिनार में जबलपुर के अखिल मिश्र सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी इंटरनेशन के राष्ट्रीय नेतृत्व प्रशिक्षण



सेमिनार 'दिशा-26' का आयोजन कोयम्बटूर (तमिल नाडू) में किया गया, जिसमें भारत के 23 राज्यों के साथ नेपाल और श्रीलंका के रोटरी नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जबलपुर के पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र को राष्ट्रीय आयोजन के सचिव के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर एम. मुरुगानंदम द्वारा सम्मानित किया गया। अखिल मिश्र ने रोटरी फाउंडेशन गिविंग एवं ग्रांट्स विषय पर युवा फैकल्टी के रूप में व्याख्यान देकर अपनी प्रभावशाली वक्तृत्व क्षमता से प्रतिभागियों को प्रभावित किया। तीन दिवसीय सेमिनार में नेतृत्व और रोटरी संस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में फ्लाइट लेफ्टिनेंट के. पी. नागेश, सी. भास्कर, टी. प्रभाकर, एस. वेंकटेश, नवनिर्वाचित रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर (2027-29) वासुदेव गोलियन, गुरजीत सिंह शेखों, आयोजन चेयरमैन गोपालकृष्ण पलानीसामी सहित सुभाष साहू, शशि वरवंडकर, मेजर दीपक मेहता, एफ. सी. मोहंती, सुनील फाटक, शशांक रस्तोगी, मनजीत सिंह अरोड़ा, आलम सिंह रूपरा, भानुप्रताप सिंह चौधरी, नवीन भावसर, डी. आर. पटनायक और राज दुबे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# परिचय सम्मेलन समाज को संगठित करने अत्यंत महत्वपूर्ण

विश्वकर्मा समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा महासंगठन मध्यप्रदेश द्वारा मानस भवन में आयोजित विश्वकर्मा समाज का युवक.युवती परिचय सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ। सम्मेलन में लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया, जबकि बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, परिजन एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन.अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद मंच पर एक.एक कर युवक.युवतियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जीवन लक्ष्य के बारे में परिचय दिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के योग्य युवक.युवतियों को एक मंच प्रदान करना और विवाह योग्य युवाओं के लिए उचित जीवनसाथी के चयन की प्रक्रिया को सरल बनाना रहा। इस अवसर पर जबलपुर सहित आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को संगठित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे परिवारों को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और समाज में पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच का समन्वय भी देखने को मिलता है।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन के दौरान सांसद आशीष दुबे, विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय, अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, एड ओ पी विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, अजय गोविंद विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा, अजय शर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, प्रियंक विश्वकर्मा, कृष्णा गोपाल विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, निरंजन विश्वकर्मा, ऋषि विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



## रागी जत्थों ने गुरुवाणी से संगत को किया भावविभोर

▶ नानकशाही नववर्ष पर गुरुद्वारा जीसीएफ स्टेट में कीर्तन दरबार

**नवभारत,जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र जीसीएफ स्टेट स्थित गुरुद्वारा में नानकशाही संवत 558 के नववर्ष और चैत माह की संगरांद श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य कीर्तन दरबार में रागी जत्थों ने 'चैत गोबिंद आराधिये होवे आनंद घणा' गुरुवाणी का गायन कर संगत को भावविभोर किया। कार्यक्रम में श्री गुरु नानक मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल प्रेमनगर की नवगठित कमेटी के अध्यक्ष अमरजी सिंह धंजल, उपाध्यक्ष तलविंदर सिंह पाल, सचिव हरजिंदर सिंह भोमराह, सह सचिव स्वर्ण सिंह समरा, कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह आहूजा और सदस्य दविंदर सिंह जॉली व मंजीत सिंह भचु को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारा अध्यक्ष महिंदर सिंह नागी, रणजीत सिंह भोमराह, प्रीतपाल सिंह भोमराह, जी.एस. मैनी, डी.एस. दुग्गल और जी.एस. सोढ़ी सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

## देशभर के कवि करेंगे काव्यपाठ

हिंदू नववर्ष पर राष्ट्रवादी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**नवभारत,जबलपुर।** सनातन संस्कृति के संवर्धन एवं हिंदू नववर्ष के स्वागत के लिए सृजन भारती जबलपुर द्वारा 18 मार्च 2026, बुधवार को आनंदकुंज तिराहा गढ़ा में विराट राष्ट्रवादी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संयोजक कृष्ण कुमार तिवारी और महामंत्री सुशील उपाध्याय ने बताया कि कवि सम्मेलन में लखनऊ के ओज कवि विनय शुक्ला, लखीमपुर खीरी के कनक तिवारी, जयपुर के मंच संचालक कमल मनोहर, इंदौर के हास्य कवि रोहित रामा झन्नाट, बांसवाड़ा की ओज कवयित्री कुमारी रोहणी पंड्या तथा भोपाल की सबीहा असर काव्यपाठ करेंगी। इस अवसर पर क्षेत्र में तोरण द्वार, ध्वज पताकाओं, रोशनी व आतिशबाजी से नवसंवत्सर का स्वागत किया जाएगा तथा सामूहिक रूप से सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष पं. प्रकाश गर्ग, एड0 रमेश शुक्ला, एड. प्रशांत तिवारी, प्रवीण भारव्दाज, एड. अरुण शुक्ला, नीरज बाजपेयी, एड. दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र चौबे, राजेश सैनी गुरु, कमलेश यादव, अभिषेक हीरा, राहुल शुक्ला, मदन गोपाल दिलीप पटेल, अश्विनी पाठक, सुशील पटेल, मुकेश गुप्ता, दशरथ पटेल एवं श्रुति अवस्थी, आभा साहू अल्पना ठाकुर ने सभी कला, धर्म, एवं संस्कृति प्रेमी सुधि दर्शकों से उपस्थिति की अपील की है।

## नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के आगमन पर किया स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना, प्रदेश मंत्री राजमणि बघेल के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यालय रानीताल में किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष अभिनव यादव, ग्रामीण अध्यक्ष अरविंद पटेल के साथ किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्वागत अभिनंदन किया। किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल ने कहा भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश की सरकार हमेशा किसान हितेषी योजनाएं लाती रही, जिससे किसान भाइयों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, राजेश ठाकुर, विनीत वाजपेई, विशाल केसरवानी, राजू नेमा, प्रशांत सिंह, लालू गुप्ता, विजेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## जगदीश बस्ती से मंदिरों तक गूंजे भजन-कीर्तन

▶ पापमोचनी एकादशी पर निकली प्रभात फेरी



**नवभारत,जबलपुर।** पापमोचनी एकादशी के अवसर पर रविवार को जगदीश बस्ती स्थित महादेव मंदिर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी विवेक अग्रवाल के निवास पी.एन. तिवारी के बाड़ा से प्रारंभ होकर पढ़ाव, सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर, चरहाई, शंकर घी भंडार और बड़ी महाकाली मंदिर होते हुए जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक में संपन्न हुई। इस अवसर पर अमित विश्नोई, प्रदीप दुबे, अनिल सुहाने, शैलेन्द्र पारे, अवधेश खरे, सुनील कोष्टा, मगन विश्वकर्मा, वीरेंद्र नामदेव, ब्रजेश अग्रहरी, नरेश मोढ़ा, तारा उपाध्याय, मनोज सोनी, नीलेश विश्नोई, धर्मेंद्र रजक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजकों ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा (22 जनवरी 2024) के बाद से प्रत्येक एकादशी पर यह प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

कार्यक्रम | विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**नवभारत,जबलपुर।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ ही सुरक्षित और जागरूक खरीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नागरिक उपभोक्ता दर्शन मंच जी. पांडे, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष जानकी देवी, अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की संभागीय अध्यक्ष भगवती भारद्वाज, आशीष विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार जैन तथा नेशनल कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है और उसे कई महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हैं। इनमें सुरक्षा का अधिकार, जानकारी प्राप्त करने का अधिकार, अपनी पसंद से वस्तु चुनने का अधिकार तथा धोखाधड़ी होने पर शिकायत निवारण का अधिकार प्रमुख हैं। साथ ही नागरिकों से वस्तु खरीदते समय बिल लेने और उत्पाद की गुणवत्ता व एक्सपायरी डेट अवश्य जांचने की अपील की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक आपूर्ति अधिकारी राजधार साकेत, प्रमोद मिश्रा, समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नापतौल नियंत्रक तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और नागरिकों को उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील

इस अवसर पर प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बोरासिया ने नागरिकों से एलपीजी की कमी से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पैनिक बुकिंग की कोई आवश्यकता नहीं है। साथ ही पीएनजी और अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए देश में कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 लागू है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को न्याय प्राप्त करने का अधिकार मिलता है।



## नि :शुल्क शिविर में 350 से अधिक मरीजों का उपचार

विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच कर दवाइयां की वितरित

**नवभारत,जबलपुर।** केशव कुटी बहुआयामी चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं डॉक्टर हेडगेवार स्मृति मंडल द्वारा फूलसागर बस्ती घमापुर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 350 से अधिक महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर निशुल्क परामर्श व दवाइयां वितरित की।

शिविर में डॉ. वी.के. भारद्वाज, डॉ. अंकित सेठ (मधुमेह रोग), डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. अबोली पांसे, डॉ. अर्पिता स्थापक (नेत्र रोग), डॉ. पंकज असाती (उदर रोग), डॉ. पीयूष जैन (कैंसर), डॉ. नचिकेत पांसे, डॉ. सुनील पटेल (अस्थि रोग), डॉ. सिद्धार्थ ओसवाल, डॉ. निक्षय सक्सेना (चर्म रोग), डॉ. संयोग पाठक, डॉ. अनुराग चक्रवर्ती (दंत रोग), डॉ. वीणा जैन (स्त्री रोग), डॉ. राहुल (हृदय रोग) तथा डॉ. रुमिता आचार्य (नाक-कान-गला एवं शिशु रोग) ने सेवाएं दीं। इस अवसर पर ट्रस्ट के कैलाश दामोदर, सचिव बसंत चेलानी, राजकुमार गुप्ता, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री आत्माराम जी सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।